आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
कुल पृष्ठ 22 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शनिवार, 30 सितंबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2080 12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं, शनिवार, 30 सितंबर, 2023 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी सूरजगढ़-बुहाना-सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

पिलानी. सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस पर हुए समारोह में उपस्थित वैज्ञानिक व अन्य।

सीएसआईआर के स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह

बदलती राष्ट्रीय चुनौतियों के अनुरूप सीएसआईआर के वैज्ञानिक योगदान के लिए तत्पर : डॉ. पीसी पंचारिया

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान पिलानी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 82वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद जयपुर के सीईओ पीआर शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि रहे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक एस रघुनाथ व पी वी एल रेड्डी विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पीसी पंचारिया निदेशक सीएसआईआर-सीरी ने की। विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 12 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 6 सहकर्मियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा आईआईटी और आईआईएम में प्रवेश लेने वाले सीरी कार्मिकों के बच्चों सहित सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या बी राशेल व पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीएल शर्मा ने संबोधन में सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने डॉ. पंचारिया के इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अपना भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि पी वी एल रेड्डी व एस रघुनाथ ने कहा कि उन्हें गर्व है कि हमने सीएसआईआर जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठन में इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान को समर्पित देश की अग्रणी राष्ट्रीय प्रयोगशाला 'सीरी' को अपनी सेवाएं दीं। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर परिषद प्रयोगशालाओं के प्रमुख शोध कार्यों का उल्लेख किया।

पिलानी. कर्मचारियों को सम्मानित करते।

उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप हमारी प्रयोगशालाएं भी स्वयं को बदल रही हैं और सदैव देश की सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की अनुसंधान प्रयोगशालाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध कार्यों से पूरे देश को लाभान्वित कर रही हैं और इस प्रकार सीएसआईआर पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। समारोह का संचालन वैज्ञानिकों डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं मनिंदर कौर ने किया। संचालन के दौरान उन्होंने सभी उपस्थित सहकर्मियों एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का औपचारिक परिचय भी दिया। अंत में संस्थान के डॉ. सुचंदन पाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।